>

Title: Need to take relief measures for the people affected by floods in Bihar on Nepal Border.

डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण): सभापति महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद । भारत-नेपाल सीमा पर पूरा का पूरा बिहार आज बाढ़ से कराह रहा है । इतनी भयंकर समस्या आ गई है कि इस पूरे एरिया में सभी लोगों को अपने घर, द्वार, गाँव छोड़ कर जाना पड़ रहा है । माननीय गृह राज्य मंत्री भी यहाँ मौजूद हैं । भारत-नेपाल बॉर्डर पर बिहार की पूरी सीमा पर बाढ़ आई है । उन्होंने एनडीआरएफ की व्यवस्था तो की है, मैं उनका बहुत आभारी हूँ । लेकिन मेरा माननीय मंत्री जी से यह अनुरोध रहेगा कि सभी को सूखा राशन भी उपलब्ध कराया जाए, उन्हें एक अच्छा कम्पनसेशन दिया जाए । जो घर गिर गए हैं, उनको भी शीघ्र मैनेज किया जाए कि उनके लिए भी गृह की व्यवस्था हो सके । मैं चाहूँगा कि यह पूरे बिहार और पूरे असम की समस्या है । इस पर मंत्री जी को ज़रूर जवाब देना चाहिए ।

HON. CHAIRPERSON: Shrimati Rekha Verma and Kunwar Pushpendra Singh Chandel are permitted to associate with the issue raised by Dr. Sanjay Jaiswal.